दिनांक 01 सितंबर 2022

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय, राजपुर, पालमपुर, हिमाचल प्रदेश

<u>सूचना</u>

सूचित किया जाता है कि 14 सितंबर को मनाये जाने वाले **"हिंदी दिवस**" के उपलक्ष्य पर, 8 से 14 सितम्बर तक महाविद्यालय में हिंदी सप्ताह मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। विद्यार्थियों से अनुरोध है कि इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लें, तथा हिंदी भाषा के प्रचार व प्रसार हेतु अपना योगदान दें और हिंदी दिवस को मनाने के प्रयोजन को सार्थक करें।

प्रतियोगिताओं की रूपरेखा

प्रतियोगिता (1)	**विषय**	**आयोजन (दिनांक व समय)**	**नामांकन की अंतिम तिथि**
"निबंध लेखन प्रतियोगिता"	'कंप्यूटर और हिंदी' अथवा 'हिंदी एक वैज्ञानिक भाषा है' अथवा "निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल"	निबंध लिखकर, 8 सितंबर 2022 (2:40 अपराह्न) तक जमा करें।	6 सितम्बर 2022; 2:40 अपराह्न

नियम:

1. शब्द सीमा (500-1000 शब्द)
2. भाषा सरल और स्पष्ट होनी चाहिए।

प्रतियोगिता (2)	**विषय**	**आयोजन (दिनांक व समय)**	**नामांकन की अंतिम तिथि**
"नारा लेखन प्रतियोगिता"	विषय, आयोजन के समय घोषित किया जाएगा ।	9 सितम्बर 2022; सभागार; 10.30 पूर्वाहन	8 सितम्बर 2022; 2:40 अपराह्न

नियम:

1. नारा तुक व लय में लिखा जाना चाहिए।
2. नारे के शब्द सरल, प्रभावशाली और संक्षिप्त होने चाहिए।

प्रतियोगिता (3)	**विषय**	**आयोजन (दिनांक व समय)**	**नामांकन की अंतिम तिथि**
"मुहावरा/ लोकोक्ति संवाद प्रतियोगिता"	मुहावरे व लोकोक्तियां (पाठ्य पुस्तकों से)	10 सितम्बर 2022 सभागार; 10.30 पूर्वाहन	8 सितम्बर 2022; 2:40 अपराह्न

नियम:

1. समूहों में संवाद प्रतियोगिता होगी।

3॰ समूहों का चयन आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा नामांकनों के आधार पर किया जाएगा।

प्रतियोगिता (4)	**विषय**	**आयोजन (दिनांक व समय)**	**नामांकन की अंतिम तिथि**
"कविता/ कहानी वाचन प्रतियोगिता"	आपकी अपनी पसंद की कोई भी रचना हो सकती है।	12 सितम्बर 2022 सभागार; 10.30 पूर्वाहन	8 सितम्बर 2022; 2:40 अपराह्न

नियम:

1. कविता/ कहानी का उच्चारण स्पष्ट होना चाहिए।
2. कहानी /कविता स्वः रचित भी हो सकती है।
3. समय सीमा: अधिकतम 5 मिनट।

प्रतियोगिता (5)	विषय	आयोजन (दिनांक व समय)	नामांकन की अंतिम तिथि
"देवनागरी लिपि अंक प्रतियोगिता"	देवनागरी लिपि अंक/ हिन्दी गणित संख्याओं का लेखन	12 सितम्बर 2022 सभागार; 10.30 पूर्वाहन	8 सितम्बर 2022; 2:40 अपराहन

नियम:

1. आपको मौके पर कुछ गणित अंक संख्याएं या शब्द संख्याएं दी जायेंगी, जिन्हे देवनागरी अंकों में लिखना होगा या विपरीत।
2. कम समय मे अधिक नंबर लेने वालों को विजेता घोषित किया जाएगा।

प्रतियोगिता (6)	विषय	आयोजन (दिनांक व समय)	नामांकन की अंतिम तिथि
"भाषण प्रतियोगिता"	'वैश्विक मंच पर हिंदी' अथवा 'पढ़ेंगे हिंदी तभी तो बढ़ेगी हिंदी' अथवा 'मेरी प्रिय हिंदी रचना'	14 सितम्बर 2022 सभागार; 10.30 पूर्वाहन	8 सितम्बर 2022; 2:40 अपराहन

नियम

1. समय सीमा: अधिकतम 5 मिनट।
2. विषय के साथ उच्च्चारण शुद्धता को अधिक महत्व दिया जाएगा।
3. 'मेरी प्रिय हिंदी रचना' विषय के तहत केवल एक रचना (कहानी/ कविता/ उपन्यास) ही चुनें।

नोट: 1. उपरोक्त प्रतियोगिताओं के परिणाम तथा पुरस्कार वितरण समारोह के बारे में अलग से सूचित किया जाएगा।

2. प्रतियोगिताओं संबंधित किसी भी जानकारी व नियमों हेतु आप श्री अरविंद कुमार, सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र तथा प्रभारी कोर समिति, सांस्कृतिक कार्यक्रम से सम्पर्क कर सकते हैं ।

डॉ. शिल्पी (सहायक प्राध्यापक, हिन्दी)
सदस्य
कोर समिति,
सांस्कृतिक कार्यक्रम

श्रीमती मनु मनकोटिया
प्रवक्ता,, **हिन्दी**

प्रतिलिपि : सूचनार्थ हेतु,

1. प्रधानाचार्य,
2. **श्री अरविंद कुमार, (सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र**), **प्रभारी** कोर समिति, सांस्कृतिक कार्यक्रम
3. कोर समिति, सांस्कृतिक कार्यक्रम
4. प्राध्यापक वर्ग
5. सूचना पट्ट